# शिक्षकों पर थोपी अनिवार्यता निरस्त कराने संघर्ष

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन, टीईटी परीक्षा का रैली निकालकर करेंगे विरोध, प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**दतिया, 3 अप्रैल।** शुक्रवार को दतिया जिले के सभी शिक्षक संगठनों के जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों तथा शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की डाइट परिसर दतिया में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बैठक हुई जिसमें अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन किया गया है। जिले के अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा में आज निम्न संघ सामिल रहे।



सीटू यूनियन के जिलाध्यक्ष सनत प्रोहित आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष साबर सिंह दांगी मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संजय श्रीवास्तव पी.यू.एम.यू. शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदीप श्रीवास्तव जी -मध्यप्रदेश कर्मचारी संघ कांग्रेस के सौरभ खरे अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष अशोक शुक्ला उपस्थित रहे। उपरोक्त संघों के संभागीय पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी एवं जिले के शिक्षक साथी एवं शिक्षक बहिनें भी उपस्थित रहीं। बैठक में सीटू अध्यक्ष सनत पुरोहित ने कहा कि शिक्षको पर थोपी इस अनिवार्यता को निरस्त कराने के लिए संघर्ष किया जाएगा।

बैठक में सभी संगठनों के जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने सर्वसम्मति निर्णय लिया कि 8 अप्रैल को शाम 4:45 बजे मां पीतांबरा पीठ के मुख्य द्वार के सामने एकत्रित होंगे । इसके बाद काली पट्टी बांधकर पैदल मार्च करते हुए रैली के रूप में हाथों में तख्तियां लिए हुए राजगढ़ चौराहा, तिगैलिया, टाउन हाल, किला चौक, छोटे बाजार होते हुए रैली निकालकर पुनः मां पीताम्बर माई के मैन गेट पर वापिस आकर श्रीमान को ज्ञापन सौंपा जाएगा। रैली सह ज्ञापन के लिए अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा दतिया प्रशासन से स्वीकृति लेगा।

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा की आज की बैठक में सभी उपस्थित जिलाध्यक्षों, पदाधिकारियों तथा शिक्षकों को 8 अप्रैल की रैली सह ज्ञापन की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में विजय श्रीवास्तव, अशोक पुरी, चन्द्रशेखर पटेल, बुद्ध सिंह दांगी, भगवत दांगी, हरिबल्लभ राजपूत, सुमंत सिंह रावत, हेमन्त श्रीवास्तव, विनय कुमार पिरौनया, राजेश सेन, भावेश वर्मा, रविन्द्र दांगी, दयाप्रसाद अहिरवार, संजय खरे, गायत्री विश्वकर्मा, राघवेन्द्र सिंह कमरिया, रवींद्र श्रीवास्तव, मदन मोहन पाठक, अरविंद सिंह चौहान, अशोक राजपूत, रामनरेश यादव, संतोष दीक्षित, आनंद प्रिय गौतम, कमलेश कुमार निगम, राम लखन शर्मा, लोकेन्द्रसिंह जादौन, वीरेंद्र सिंह परिहार, रामकुमार मिर्धा, संतराम अहिरवार,अंजलिन कुजूर, इग्नेशिया किण्डो, गायत्री विश्वकर्मा, मुकेश पाण्डेय, निलय कुमार दुवे, सत्यम सक्सेना , हरकिशन शाक्य, दशरथ सिंह लोधी, पंकज शर्मा भार्गव, रश्मि त्रिपाठी, मुन्ना लाल जाटव, राजेन्द्र सिंह मीणा, सुरेश कुमार प्रजापति, जीतेन्द्र बुलकिया, राजेश शर्मा के साथ साथ एक सैकड़ा शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

### हनुमान जयंती पर हुए कार्यक्रम

**सेंवढ़ा।** हनुमान प्रकटोत्सव के पावन अवसर पर सेंवढ़ा नगर भक्ति और उत्साह के रंग में पूरी तरह सराबोर नजर आया। हाथों में भगवा ध्वज और जुबान पर 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ निकली भव्य शोभायात्रा ने पूरे नगर को राममय कर दिया।

इस आयोजन में सभी जाति, वर्ग और धर्म के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण भी देखने को मिला। हनुमान जयंती के अवसर पर भांडेर सहित क्षेत्र भर के मंदिरों में कई बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शहर भर के मंदिरों में सुंदरकांड पाठ आयोजित हुआ, हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सजाया गया है। मंदिरों में सुंदरकांड के पाठ के साथ ही अन्य धार्मिक आयोजन किए गए। हनुमान, उत्तरमुखी सरकार, गुप्त सरकार, संकटमोचन सरकार, रामदुलारे सरकार, बजरिया सरकार, खेडापति सरकार, बाला हनुमान कुशवाहा मोहल्ला, लाल टोरिया, पोल पहाड़, सागर ताल स्थित हनुमान मंदिर सहित नगर के अन्य मंदिरों को सजाया गया।

## इंदरगढ़ एवं सेवढ़ा में 1.30 करोड़ के नवीन कार्य स्वीकृत

नवभारत न्यूज



**दतिया, 3 अप्रैल।** विधायक सेवढ़ा प्रदीप अग्रवाल ने बताया विधानसभा के इंदरगढ़ एवं सेवढ़ा में एक करोड़ 30 लाख के नवीन कार्य स्वीकृत कराये गये।

नगर पंचायत इंदरगढ़ एवं सेवढ़ा के अध्यक्ष एवं पार्षदों द्वारा नगर के विकास के लिए राशि की मांग की गई थी जिसे उन्होंने अपने मुख्यमंत्री जी के फंड से निम्नलिखित राशि स्वीकृत कराई। नगर सेवढ़ा में नगर के चारों ओर प्रवेश द्वार चालीस लाख, नगर सेंवढा में सनकुआ पर घाट निर्माण कार्य 40 लाख, नगर इंदरगढ़ में दतिया सेवढ़ा रोड से दाल मिल रोड तक 500 मीटर सीसी 20 लाख रुपए, नगर पंचायत में दतिया सेवढ़ा रोड से सैनपुरा की पुलिया तक ढाई किलोमीटर ग्रेवल रोड राशि 30 लाख रुपए। पूर्व में भी इंदरगढ़ एवं सेवढ़ा में लगभग 2 करोड़ रुपए से ऊपर के विकास कार्य स्वीकृत कराये जा चुके हैं।

### बाल विवाह रोकने उड़नदस्ते गठित

**दतिया, 3 अप्रैल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर एवं उसके पश्चात् आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह एवं एकल विवाह समारोह में बाल विवाह के संबंध में जागरूकता का प्रचार-प्रसार करने तथा होने वाले बाल विवाहों को रोकने एवं कानूनी कार्यवाही करने के उद्देश्य से कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े द्वारा आदेश जारी कर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त कर ग्राम स्तर तक बाल विवाह रोको उड़न दस्तों का गठन किया है। जारी आदेश अनुसार जिला स्तर पर कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जिला दतिया, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रहेंगे।



## पूर्व डिप्टी सीएम शर्मा ने किए मां पीतांबरा पीठ पर दर्शन

नवभारत न्यूज

**दतिया, 3 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा उपसभापति दिनेश शर्मा शुक्रवार को अल्प प्रवास पर दतिया पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा पीठ मंदिर पहुंचकर मां बगलामुखी के दर्शन कर विधि- विधान से पूजा-अर्चना की ।इसके बाद उन्होंने महाभारत कालीन माने जाने वाले वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक भी किया। मंदिर परिसर में भाजपा पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

## झांसी चुंगी पुल पर ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा

**दतिया ब्यूरो।** दतिया में कोतवाली थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर झांसी चुंगी पुल पर एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। ओवरटेक के दौरान एक कंटेनर और कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि, कार टकराकर घूमते हुए फिर कंटेनर के सामने आ गई। हालांकि गनीमत रही कि कार सवार सभी लोग सुरक्षित बच निकले। पुलिस के अनुसार ललितपुर निवासी दीपक दुबे अपने पांच साथियों के साथ अर्टिगा कार से राजस्थान के खाटूश्याम दर्शन के लिए जा रहे थे। एनएच-44 पर झांसी चुंगी पुल के पास उन्होंने आगे चल रहे कंटेनर को ओवरटेक करने की कोशिश की, इसी दौरान यह हादसा हो गया ।हादसे के बाद कंटेनर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया ।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त कार को हटवाकर यातायात बहाल कराया ।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश की जा रही है।

**कंटेनर-कार की भिड़ंत, सभी सुरक्षित**

## खेल हमारी एकता एवं युवाओं के जोश का उत्सव : सिंह

नवभारत न्यूज

**दतिया, 3 अप्रैल।** आज का यह अवसर केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं है बल्कि हमारे गाँव की ताकत है। हमारी एकता और हमारे युवाओं के जोश का उत्सव है। कबड्डी एक खेल नहीं है। यह साहस रणनीति संयम टीम भावना का अद्भुत संगम है उक्त बात भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री माधवेन्द्र सिंह परिहार ने बड़ेरा में क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित कबड्डी टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि जब हम खेले तो सास भी नियंत्रण में हो और लक्ष्य भी स्पष्ट हो स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था कि जब तक लक्ष्य प्राप्त न रुको मत यही भावना हमें इस खेल से सीखने को मिलती है यह खेल हमें मिट्टी से जोड़ता है। हमें दिखाता है कि बिना साधनों के भी बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है उन्होंने युवाओं से कहा अपने जीवनशैली में संगति स्वास्थ्य और सच्चरित्रता पर अवश्य ध्यान दें। आप का जीवन मूल्यों पर आधारित होना चाहिए। कोई अंगुली न उठा सके। खेल से हमें अपने शरीर को स्वस्थ मन को तनाव मुक्त करने में मदद मिलती है।

अतः नियमित व्यायाम को अपने जीवन का अंग बना ले तथा गलत खानपान व अत्यधिक मोबाइल से दूरी बना कर अपने जीवन की दिशा तय करें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में कीड़ा। भारती के विभाग संयोजक विकास शुक्ला, बड़ेरा सरपंच गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व सर पंच रघुराज सिंह, क्रीड़ा भारती की सह मंत्री दीप्ति सिंह गुर्जर ,अमृत राजपूत बरोय चरण सिंह राजपूत बरोय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक आशिष राजपूत टाइगर। एवम् कार्यक्रम का संचालन।

महाविद्यालय दतिया के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. मुकेश गुर्जर ने किया ग्राम मोहना जाट की टीम प्रथम एवं ग्राम बढ़ेरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही जूनियर में ग्राम बड़ेरा प्रथम स्थान पर रही सभी खिलाड़ियों को मेडिल एवं प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित किया गया।

### श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**इन्दरगढ़, 3 अप्रैल।** श्री हरि के छठे अवतार तथा बृह्माण वंश के आराध्य श्री परशुराम भगवान मंदिर पर सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बृह्माण समाज अध्यक्ष बाँके बिहारी शर्मा के सानिध्य में किया गया। कथा व्यास पं श्री राघव किंकर महाराज चित्रकूट धाम, कथा परीछत श्रीमति अर्चना दीपू तिवारी (सरपंच) होंगे। कथा शुभारंभ से पूर्व वावरी सरकार हनुमान मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुये संतोषी माता मंदिर परिसर में स्थित कथा स्थल परशुराम मंदिर पंहुची। यात्रा में प्रमुख रूप से बृह्माण समाज के अध्यक्ष बाँके बिहारी शर्मा, जिला विकास सलाहकार समिति अध्यक्ष रामबाबू शर्मा, कमलेश पाठक, पवन पाठक, सुनील दुबे, अनिल समाधिया, दीपक उदैनियां, अमरदीप शर्मा, पप्पू दुबे, सहित ग्रामीण अंचल के लोग बडी संख्या में शामिल रहे।



### प्रतिभाओं का प्रोत्साहन जरूरी : भदौरिया

**दतिया, 3 अप्रैल।** छोटे छोटे बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कारो को देना बेहद जरुरी होता है। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो,वह तनावमुक्त वातावरण में पढ़ाई कर सके इसीलिए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए बर्ष भर सांस्कृतिक ,खेलकूद व अन्य गतिविधियों का होना आवश्यक होता है। प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के आयोजनो का होना बहुत जरूरी होता हैं। उक्त बात उनाव थाना प्रभारी यतेन्द्र सिंह भदौरिया ने बार्षिक परीक्षा परिणाम को घोषित कर पुरस्कार वितरण करते हुए कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता लमान माता मंदिर के महंत मंनोज महाराज ने आशीष वचन दिये। इस अवसर पर बर्ष भर आयोजित हुई सांस्क्रतिक व खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओ को शील्ड भेंटकर मंचासीन अतिथियों ने सम्मानित किया।



## सुरक्षा और सेवा भाव से किए गए कार्य : मित्तल

**सेंवढ़ा, 3 अप्रैल।** चैत्र नवरात्रि के दौरान रतनगढ़ वाली माता मंदिर पर श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुगम व्यवस्थाओं को लेकर रतनगढ़ सेवा समिति द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए समाजसेवी संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों ने एसडीएम अशोक अवस्थी का शाल, श्रीफल, माला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। समाजसेवी नरेंद्र मित्तल ने कहा कि समिति के कार्यकर्ताओं ने दिन-रात मेहनत कर यह सुनिश्चित किया कि हर श्रद्धालु को बिना किसी परेशानी के दर्शन हो सकें। यह सेवा भाव समाज के लिए प्रेरणादायक है और ऐसे प्रयासों से धार्मिक आयोजनों की गरिमा और बढ़ती है। आभार व्यक्त करते हुए एसडीएम अशोक अवस्थी ने कहा कि यह सम्मान पूरी टीम और प्रशासन का है। सभी के सहयोग से ही बेहतर व्यवस्थाएं संभव हो सकीं। आगे भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए ऐसे प्रयास जारी रहेंगे। इस दौरान डॉ. राजेंद्र पाराशर, कप्तान यादव, सुरेश देवलानी, दिलीप बंसल, आकाश पिपर सेनिया, केशव सिंह चौहान, प्रदीप राजपूत, विकास शर्मा, कुलदीप, रोहित, लाखन, धर्मेंद्र सोलंकी, अनिल पुजारी, वासुदेव यादव, विजय पुरोहित, छोटू शर्मा सहित अन्य समाजसेवी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जय मां संतोषी क्रिकेट टूर्नामेंट क्लब का उद्घाटन, रोमांचक मैच हुए

**इंदरगढ, 3 अप्रैल।** के ग्राम पंचायत सिरसा में जय मां संतोषी क्रिकेट द्वारा एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि रूप में वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौशल सिंह यादव एवं कार्यकम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने की तथा विशिष्ट अतिथि रूप में जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जरएजिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादवएपूर्व ब्लॉक अध्यक्ष उनाव जसवंत बघेल रहेएकार्यकम संचालन कांग्रेस महामंत्री रिंकू यादव ने किया सर्वप्रथम सभी अतिथियों ने फीता काटकर क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर आयोजक मंडल ने सभी अतिथियों का माला पहनकर अभिनंदन किया सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त का टूर्नामेंट का शुभारंभ करवाया मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता कौशल सिंह यादव के द्वारा वह क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने में युवाओं को शत प्रतिशत प्रोत्साहित करते है निजी स्त्रोतों से बह क्रिकेट टूर्नामेंट जैसे कार्यकम आयोजित करते युवाओं के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट कार्यकम आयोजित कर उनकी प्रतिभा को निखरने का प्रयास किया जा रहा है वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौशल सिंह यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि खेल से स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है उन्होंने खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने का आग्रह किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है जिसके बल पर वे देश ही नहीं विदेशों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव में कई प्रतिभाएं छिपी होती है जिन्हें ऐसे आयोजनों से मंच मिलता है उन्होंने जोर दिया कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि अनुशासन



नेतृत्व ओर टीम भावना का सशक्त माध्यम है बही किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेलो से आपसी भाईचारा तो बढ़ता ही है इसके साथ जिस गांव में क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा उसका गांव का नाम भी होता ओर खिलाड़ियों का एक दूसरे से परिचय होकर मजबूत संबंध भी बनते जो समय समय पर काम आते है तथा जसवंत बघेल ने कहा कई ग्रामीण क्षेत्रों में क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से पता चलता है कि कई बहुत अच्छे युवा खिलाड़ी भी है जिन्हें हम सभी आगे आकर उनका उत्साह बढ़ना चाहिए जिससे और अच्छा बेहतर खेल सके।

इस अवसर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कौशल सिंह यादव, जिला अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव नरेन्द्र गुर्जर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जसवंत बघेल, कांग्रेस महामंत्री रिंकू यादव, मेहरबान सिंह बघेलएरामेश्वर रावतए शिवाजी गुर्जर, सचिन यादव, रामपाल सिंह आदि ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# हमें अपनी संस्कृति को जीवंत रखना जरूरी : विधायक

नवभारत न्यूज

**दतिया, 3 अप्रैल।** हमें अपनी संस्कृति सभ्यता और इतिहास को कभी नहीं भूलना चाहिए यह हमारी आत्मा है जो देश ने भूल जाता है वह ज्यादा मजबूत होकर नहीं भर पता हमें पुरानी कुरीतियों को त्याग कर अच्छी परंपराओं को अपनाना चाहिए बुंदेली फाग एक ऐसी विधा है यह हमारे बुंदेलखंड की संस्कृति का प्रमुख अंग है इस जीवंत रखना बहुत आवश्यक है ग्राम भाषा में है जीवन है यह बहुत खुशी की बात है यह विचार से बड़ा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक घनश्याम सिंह ने ग्राम भाषण में हनुमान मंदिर पर आयोजित बुंदेली फाग महोत्सव कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि ग्राम भोसड़ा में प्रतिवर्ष बुंदेली फॉर्म महोत्सव कार्यक्रम होता है यह जानकर बहुत प्रसन्नता हुई भारतीय संस्कृति को जीवंत रखने रखा है इसके लिए आप धन्यवाद के पात्र हैं हमारी संस्कृति धीरे-धीरे विलुप्त हो रही है ग्रामीण क्षेत्रों में आप लोग इस जीवंत रखे हुए हैं हमारे परंपरागत संस्कृति को ग्रामीण क्षेत्र बाग कमजोर वर्ग जीवित रखे हुए हैं हमारी संस्कृति में नदियों में प्रवेश नाम का बहुत महत्व है इन प्रवेश नाम में भी आम जनता गरीब व ग्रामीण जन सबसे अधिक बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं हमें अपनी संस्कृति और सभ्यता और इतिहास को कभी नहीं भूलना चाहिए जो देश ने भूल जाता है वह ज्यादा मजबूत होकर नहीं भर पता मेरा प्रयास रहेगा कि मैं कम भाषा में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले बुंदेली फग महोत्सव में शामिल हो सकूं मैं इस अवसर पर हनुमान जी महाराज के चरणों में नमन करते हुए प्रार्थना करता हूं की सभी हनुमान जी क्षेत्र पर कृपा करें अपने आशीर्वाद दें कि हम सब बलवान बने मेहनतकश बने तथा क्षेत्र को समृद्धि और बड़े आप सभी ने इस कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कार्यक्रम में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### भांडेर में खारे पानी की सप्लाई से जनता में आक्रोश, नगर परिषद पर लापरवाही के आरोप

**भांडेर, 3 अप्रैल।** भांडेर नगर में नगर परिषद द्वारा की जा रही पेयजल आपूर्ति इन दिनों गंभीर विवाद का कारण बनी हुई है। नगरवासियों का आरोप है कि परिषद द्वारा घर-घर सप्लाई किया जा रहा पानी बदबूदार, खारा एवं पीने योग्य नहीं है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर नगर में रोष का माहौल व्याप्त है और लोग नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, कई वार्डों में नलों से आ रहा पानी बदबूदार है। पानी का स्वाद खारा होने के कारण न तो इसे पीया जा सकता है और न ही भोजन बनाने में उपयोग किया जा रहा है। मजबूरी में लोगों को बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है या दूर-दराज के हैंडपंप एवं निजी बोर से पानी लाना पड़ रहा है। इससे गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। नगरवासियों का कहना है कि इस समस्या की शिकायत कई बार नगर परिषद भांडेर के अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। कभी पाइपलाइन में लीकेज तो कभी जल स्रोत में गंदगी का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचने का प्रयास किया जा रहा है।

### विद्यालय में ओआईसी का औचक निरीक्षण

**दतिया, 3 अप्रैल।** जनपद शिक्षा केंद्र दतिया अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय रामनगर में ओआईसी द्वारा औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रों के नामांकन, पुस्तक वितरण, कक्षा 5वीं के परीक्षा परिणाम सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

## यज्ञ एवं भागवत कथा से भक्तिमय हुआ वातावरण

**दतिया, 3 अप्रैल।** क्षेत्र के पण्डोखर धाम परिसर में आयोजित श्रीराम महा यज एवं 30वें पण्डोखर धाम महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को प्रथम दिवस भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य पं. उमाशंकर देवलिया के आचार्यत्व में हुई, जहां 51 वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधि-विधान से यज में पूजन, अर्चन एवं हवन संपन्न कराया गया।

**पण्डोखर धाम महोत्सव का प्रथम दिवस**

वेद मंत्रों की मधुर ध्वनि और हवन की सुगंध से पूरा परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और यज्ञ में आहुति देकर पुण्य लाभ अर्जित किया। भागवत कथा के द्वितीय दिवस भी भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। श्रीधाम वृंदावन से पधारे भागवत आचार्य पंडित विनोद शास्त्री महाराज ने अपने श्रीमुख से कथा का अमृतपान कराते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस दौरान समिति के सदस्य मुकेश गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

